# एम्स भोपाल ने खोजी गले की नई ग्रंथि

**डॉक्टरों को कैंसर के इलाज में मिलेगी मदद**



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 27 फरवरी. सिर और गले की सर्जरी के दौरान जिस हिस्से को अब तक सामान्य ऊतक समझा जाता था, वहां एम्स भोपाल के वैज्ञानिकों ने एक नई ग्रंथि की पहचान कर चिकित्सा जगत को चौंका दिया है. नाक के पीछे और गले के ऊपरी हिस्से नासाग्रसनी क्षेत्र में स्थित इस विशेष ग्रंथि और उससे जुड़ी निकासी नलिका को पहली बार वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित किया गया है.**

एम्स विशेषज्ञों के अनुसार मानव शरीर के जिस हिस्से का वर्षों से अध्ययन हो रहा है, वहीं से नई संरचना का सामने आना इस बात का संकेत है कि चिकित्सा विज्ञान में खोज की संभावनाएं अब भी शेष हैं. यह उपलब्धि आने वाले समय में सर्जरी और कैंसर उपचार की दिशा बदल सकती है.

**क्या है यह खोज :** एम्स की टीम ने सूक्ष्म अध्ययन और माइक्रोस्कोपिक जांच के माध्यम से यह खोजा कि यह संरचना केवल सामान्य ऊतक नहीं बल्कि एक स्वतंत्र ग्रंथि है. बता दें अब तक इसकी निकासी नलिका के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं थी. शोध में उसकी स्थिति, आकार और आसपास के अंगों से संबंध को विस्तार से जानकारी प्राप्त की गयी है.

**इन्होंने किया शोध**

शोध में प्रो. सुनीता अरविंद अठावले, प्रो. शीतल कोटगिरवार, प्रो. मनाल एम खान, प्रो. अंशुल राय, प्रो. दीप्ति जोशी और प्रो. डॉ रेखा लालवानी की टीम ने विस्तृत एनाटॉमिकल डिसेक्शन और सूक्ष्म परीक्षण तकनीकों का उपयोग किया. वहीं ऊतक की संरचना को विशेष रंगाई तकनीक और माइक्रोस्कोपिक विश्लेषण से परखा गया. इससे ग्रंथि की कार्यप्रणाली और उसकी अलग पहचान स्पष्ट हो सकी.

**मरीजों को क्या होगा लाभ:** यह खोज सिर और गर्दन की सर्जरी में नई सटीकता लाएगी. कैंसर ऑपरेशन या रेडियोथेरेपी के दौरान इस हिस्से को सुरक्षित रखना अब संभव होगा. मेडिकल इमेजिंग में रोग का सही आकलन हो सकेगा. अनावश्यक क्षति और जटिलताओं का खतरा कम होगा.

## कलचुरी महासभा कलार समाज का फागोत्सव आज

**भोपाल, 27 फरवरी.** श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी महासभा कलार समाज भोपाल के तत्वावधान में फागोत्सव होली मिलन समारोह का आयोजन 28 फरवरी को शाम 7 बजे कलचुरी भवन एकांत पार्क में किया जा रहा है. महासभा के प्रदेश उपसचिव प्रदीप राय ने बताया कि कार्यक्रम में सम्राट म्यूज़िकल ग्रुप भोपाल द्वारा राधा कृष्ण लीला, नृत्य एवं फूलों की होली का मंचन किया जाएगा. कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को कलचुरी भवन भोपाल में हुई, जिसमें महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विंग कमांडर विनोद राय, राष्ट्रीय महासचिव पंकज चौकसे, राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव प्रकाश राय ,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामकृष्ण चौकसे, प्रदेश अध्यक्ष एचपी शिवहरे, प्रदेश सचिव बीरेंद्र पप्पू राय, दीपक राय, प्रकाश मालवीय, राधेश्याम जयसवाल, आदि उपस्थित रहे.




# हौसलों से उड़ान की कोई उम्र नहीं होती

**मिसेज इंडिया बियॉन्ड बॉर्डर्स का पोस्टर लॉन्च**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 27 फरवरी. द पेजेंट इंडिया की एमपी चैप्टर हेड फराह अनवर ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में मिसेज इंडिया बियॉन्ड बॉर्डर्स 2026 का पोस्टर लॉन्च करते हुए जुलाई में होने वाले आयोजन की घोषणा की.**

प्रेसवार्ता में फराह अनवर ने बताया कि इस वर्ष जुलाई में होने वाले शो में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों से करीब 50 प्रतिभागी हिस्सा लेंगी. जो कि थाईलैंड में होगा. इस दौरान मिस और मिसेज सेंट्रल इंडिया की विजेताओं की उपस्थिति ने आयोजन को और गरिमामय बना दिया.वहीं पारंपरिक और आधुनिक फैशन का सुंदर मेल देखने को मिला. 67 वर्षीय सुषमा ने अपनी कहानी भी साझा की. उन्होंने बताया कि युवावस्था में बड़े मंच पर जाने का सपना अधूरा रह गया था, लेकिन बाद में मिसेज सेंट्रल इंडिया का खिताब जीतकर उन्होंने साबित किया कि सपनों की कोई उम्र नहीं होती. उनका संदेश साफ था कि यदि हौसला हो तो हर उम्र में नई शुरुआत की जा सकती है.




# केसीसी की स्वीकृति की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू

**भोपाल, 27 फरवरी. अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने शुक्रवार को मुख्यालय में आयोजित बैठक में कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.) स्वीकृति एवं नवीनीकरण प्रक्रिया का कार्य ऑनलाइन करने की कार्यवाही प्रारंभ की गई है.**

इससे किसानों को फसल ऋण लेने की प्रक्रिया सरलीकृत होगी एवं कम समय में शून्य प्रतिशत योजना का लाभ मिल सकेगा. बैठक में कमेटी के सदस्य के रूप में संयुक्त आयुक्त सहकारिता अम्बरीष वैद्य, नाबार्ड, म.प्र. के उप महाप्रबंधक नन्दू जे.नायक, अपेक्स बैंक के उप महाप्रबंधक के.टी.सज्जन, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अरविंद बौद्ध, कमेटी के सदस्य संयोजक व प्रबंधक आई.टी. आशीष राजौरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारीद्वय विनय कुमार सिंह व सौरभ जुनवाल,म.प्र.राज्य लोक सेवा अभिकरण के कंसलटेंट भी उपस्थित हुए.

# बीएचईएल हेल्पिंग हैंड्स का किया दौरा

**एसबीआई ने सहयोग बढ़ाने का दिया आश्वासन**

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 27 फरवरी. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के क्षेत्रीय प्रबंधक सुशील राजवैद्य एवं मुख्य प्रबंधक अलका यादव ने शुक्रवार को भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) तथा उसकी लेडीज वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित 'हेल्पिंग हैंड्स' पहल का दौरा किया. इस अवसर पर भेल लेडीज क्लब की अध्यक्ष रोजी उपाध्याय भी उपस्थित थीं.**



कार्यक्रम में उपाध्याय ने अतिथियों को हेल्पिंग हैंड्स द्वारा संचालित गतिविधियों एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि संस्था भेल के दिवंगत एवं आर्थिक रूप से कमजोर कर्मचारियों के परिवारों के सहयोग के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है. मुख्य अतिथि राजवैद्य ने महिलाओं की तकनीकी क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि वे भेल के प्रमुख उत्पादों जैसे ट्रांसफॉर्मर एवं ट्रैक्शन मोटर की टेपिंग का कार्य सफलतापूर्वक कर रही हैं. उन्होंने आश्वस्त किया कि एसबीआई अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजनाओं के तहत हेल्पिंग हैंड्स को और अधिक सहयोग प्रदान करने का प्रयास करेगा. इस अवसर पर अलका यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए. एसबीआई द्वारा सीएसआर के अंतर्गत सभी कर्मचारियों को यूनिफॉर्म वितरित की गई तथा तकनीकी विंग में सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित कराए गए.

इस अवसर पर भेल लेडीज क्लब की पदाधिकारी अनुजा मजूमदार, ललिता चटर्जी, मंजू पटेल, योगिता बघेल, प्रीति दानी, प्रीति अग्रवाल, मनीषा शर्मा, शीतल जुनेजा उपस्थित थीं.




## भाभा विवि में विज्ञान दिवस मनाया

**भोपाल, 27 फरवरी.** भाभा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की थीम 'विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत की प्रेरक शक्ति' रही. मुख्य वक्ता डॉ. विजय कुमार अग्रवाल, कुलपति आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी ने छात्राओं को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सौजन्य से आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रो. वाइस चांसलर डॉ. एन के अग्रवाल, डॉ. भारती सतानकर, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. मनोज शुक्ला, सीएओ विजय पुंज आदि उपस्थित थे.




# समर्पण भाव से काम करें पदाधिकारी : प्रहलाद पटेल

**लोधी लोधा समाज का सम्मान समारोह**

**भोपाल, 27 फरवरी. पंचायत ग्रामीण एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि लोधी समाज को अपने गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी होनी चाहिए. पदाधिकारी को जो दायित्व मिल रहा है, उसके प्रति समर्पण भाव से काम करने की आवश्यकता है.**

मंत्री पटेल शहीद भवन में लोधी लोधा समाज के प्रदेश के पदाधिकारी के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे. संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि समाज को नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहना चाहिए. समारोह का शुभारंभ समाज के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल एवं ऐटा विधायक राष्ट्रीय अध्यक्ष डेविड विपिन वर्मा ने किया.समारोह में नए प्रदेश पदाधिकारियों को सम्मानित करने के बाद अतिथियों ने उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए.

